CGBSE PARAM

आदर्श प्रश्नपत्र–2025–26

डी0एल0एड0 (द्वितीय वर्ष)

विषय – सामाजिक, सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में संज्ञान एवं अधिगम (772)

समय – 03 घण्टे कुल अंक : 80

---

निर्देश : प्रत्येक खण्ड में दिये गये निर्देशों का पालन करें।

**Instruction: Follow the instructions given in each part.**

प्रश्न क्र.–01 "खण्ड–अ" में 05 बहुविकल्पीय (MCQ) प्रश्न होंगे। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।

**Question No. 1 Section "A" has 05 multiple choice questions. Each questions carries 01 marks.**

01 निम्नलिखित में से कौन–सा कथन शिक्षा की सही अवधारणा को दर्शाती है? :– (1)

(अ) शिक्षा केवल विद्यालय में होने वाली प्रक्रिया है।

(ब) शिक्षा केवल पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान तक सीमित है।

(स) शिक्षा एक उद्देश्यपूर्ण और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

(द) शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का साधन है।

Which of the following statements represents the correct concept of education?

(A) Education is only a teaching process that takes place in schools.

(B) Education is limited only to knowledge obtained from books.

(C) Education is a purposeful and continuous process.

(D) Education is only a means to pass examinations.

02 यदि कोई बालक परिवार, समाज और अपने अनुभवों से व्यवहार, मूल्य एवं जीवन कौशल सीखता है, तो यह शिक्षा के किस स्वरूप को सबसे अधिक दर्शाता है? (1)

(अ) औपचारिक शिक्षा (ब) अनौपचारिक शिक्षा

(स) दूरस्थ शिक्षा (द) व्यावसायिक शिक्षा

If a child learns behavior, values and life skills through family, society and personal experiences, which form of education does this mainly represent?

(A) Formal education (B) Informal education

(B) Distance education (D) Vocational education

03 बालक के समाजीकरण (Socialization) में निम्नलिखित में से कौन–सा कारक प्राथमिक भूमिका निभाता है? (1)

(अ) विद्यालय (ब) परिवार

(स) सहकर्मी समूह (द) जनसंचार माध्यम

Which of the following factors flays a primary role in the socialization of a child?

(A) School (B) Family

(C) Peer group (D) Mass media

04 कक्षा में शिक्षक किसी अवधारणा को समझाने के लिए बच्चों को स्वयं प्रयोग करने, प्रश्न पूछने और आपने अनुभव साझा करने का अवसर देता हैं। यह स्थिति मुख्य रूप से किस प्रकार के अधिगम को दर्शाती है? (1)

(अ) रटने पर आधारित अधिगम (ब) शिक्षक–केन्द्रित अधिगम

(स) क्रियात्मक एवं अनुभवात्मक अधिगम (द) अनुशासन–आधारित अधिगम

In the classroom, the teacher provides students with opportunities to experiment on their own, ask questions, and share their experiences to understand a concept.

(A) Rote-based learning (B) Teacher-centered learning

(C) Activity-based and experiential learning (D) Discipline-based learning

05 कक्षा में शिक्षक बच्चों की रूचि, क्षमता और पूर्व ज्ञान के अनुसार समूह बनाकर गतिविधियाँ कराता है, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी गति से सीख सके। यह किस अधिगम–केन्द्रित उपागम का उदाहरण है? (1)

(अ) विषय–केन्द्रित उपागम (ब) शिक्षक केन्द्रित उपागम

(स) शिक्षार्थी–केन्द्रित उपागम (द) अनुशासन–केन्द्रित उपागम

In the classroom, the teacher organizes activities by forming groups according to students' interests, abilities, and prior knowledge so that each child can learn at their own pace.

(A) Subject-centered approach (B) Teacher- centered approach

(C) Learner- centered approach (D) Discipline-centered approach

प्रश्न क्र.–01"खण्ड–"ब" में 05 प्रश्न एक शब्द में उत्तर दीजिए। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है।

**Question No. 1 Section "B" Answer in one word or one sentence. Each question carries 01 marks.**

01 अधिगम प्रक्रिया में शिक्षक विद्यार्थियों के साथ किस रूप में कार्य करते है? (1)

How do teachers work with students in the learning process?

02 बच्चे अपने सामाजिक–सांस्कृतिक वातावरण से अतःक्रिया द्वारा किस प्रकार के अनुभवों को एकत्रित करते है? (1)

What kinds of experiences do children gather through their socio-cultural atmosphere?

03 रमा की आयु 15 साल है, उमा की ऊंचाई 1.6 मीटर है, उषा का वनज 35 किलोग्राम है। 35 किलोग्राम का सही अर्थ क्या है? (1)

Rama is 15 years old, Uma's height is 1.6 mt, Weight of Usha is 35 kg. What is the actual meaning of 35 kg.

04 रवीन्द्रनाथ टैगोर के अनुसार किताब कैसी होनी चाहिए? (1)

According to Rabindra nath Tagore, how should a book be?

05 गाँधी जी ने आत्मनिर्भर होने हेतु हाथ के हुनर को जोर दिया। तर्क दीजिए। (1)

Gandhiji emphasized the importance of manual skills for achieving self-reliance.

प्रश्न क्र0–02 से प्रश्न क्र0 06 तक लघुउत्तरीय (SA-I) होगें। प्रत्येक में 02 अंक निर्धारित है।
शब्द सीमा 30–50 शब्द

**Questions No. 02 through 06 will be short-Answer Questions (SA-I) each question carries 02 marks. The word limit for answers is 30-50 words.**

प्रश्न –02 बच्चों में परिवार से प्राप्त अनुभव से बालक के व्यवहार की जानकारी कैसे पता लगाएँगे? (2)

How to find out information about a child's behavior from the experience received from the family?

प्रश्न –03 आगमनात्मक विधि और निगमनात्मक विधि में दो अंतर लिखिए। (कोई 02) (2)

Write any two differences between inductive method and deductive method.

प्रश्न –04 केन्द्रित उपागम से आप क्या समझते है? इसकी दो प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (1+1=2)

What do you understand by the learner centered approach? Mention any two major characteristics of this approach.

प्रश्न –05 बच्चों के शिक्षण–अधिगम के सहजीकरण हेतु आप कौन–कौन से लोकसामग्री का चयन करेंगे? (2)

What type of folk materials would you select for the simplification of children's teaching and learing?

प्रश्न –06 आप बच्चों के पूर्वज्ञान एवं अनुभवों का उपयोग अपने विषयवस्तु को आगे बढ़ाने के लिए कैसी रूपरेखा तैयार करेंगे। (2)

How will you design a frame work to utilize children's prior knowledge and experiences for further development of subject matter?

प्रश्न क्र0– 07 से प्रश्न क्र0 10 तक लघुउत्तरीय (SA-II) होगें। प्रत्येक में 03 अंक निर्धारित है।
शब्द सीमा 50–75 शब्द

**Questions No. 07 through 10 will be short-Answer Questions (SA-II) each question carries 03 marks. The word limit for answers is 50-75 words.**

प्रश्न –07 किसी विद्यालय या परिवार की ऐसी स्थिति का उदाहरण दीजिए जहाँ बालक का समाजीकरण स्पष्ट रूप से दिखाई देता हो। (3)

Give an example of a situation in a school of family where the socialization of a child is clearly visible.

प्रश्न –08 विद्यालय और समाज के आवश्यकताओं, मूल्यों के सहयोग से बालक का विकास कैसे होता है? (3)

How does child develop with the help of needs and values of school and society?

प्रश्न –09 अधिगम प्रक्रिया सहभागिता और प्रेरणा की भूमिका को स्पष्ट करते हुए बताइए कि ये तत्व बालक के प्रभावी सीखने में कैसे सहायक होते हैं। (3)

Explain the role of experience, active participation, and motivation in the learning process, and describe how these elements help in effective learning of a child.

प्रश्न –10 आप कक्षा का वातावरण छात्रों के अधिगम के लिए मित्रवत व प्रभावशाली कैसे बनाएंगे? अपने विचार प्रस्तुत करें। (3)

How will you make the classroom environment friendly and effective for students learning? Give your ideas.

**प्रश्न क्र0 11 से प्रश्न क्र0 14 तक दीर्घउत्तरीय (LA-I) होगें। प्रत्येक में 04 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 75–100 शब्द**

**Questions No. 11 through 14 will be Long-Answer Questions (LA-I) each question carries 04 marks. The word limit for answers is 75-100 words.**

प्रश्न –11 ज्ञान क्या है? ज्ञान के सृजन के कोई तीन साधन लिखिए। (1+3=4)

What is knowledge? Write any there sources of knowledge creation?

प्रश्न–12 "सामाजिक बच्चों को सामाजिक नियमों और परम्पराओं को कैसे सिखाता है" कैसे? (4)

"Socialization teaches the children about social rules and customs" How?

प्रश्न –13 यदि कक्षा में कुछ बच्चें पाठ को समझने में कठिनाई महसूस कर रहे हों, तो अपनी शिक्षण रणनीति में क्या परिवर्तन करेंगे? उदाहरण लिखिए। (3+1=4)

It there are some children in the class who are having difficulties in understanding the lesson. What changes would you make to your teaching strategy.

प्रश्न –14 विद्यार्थी केन्द्रित उपागम को अपनाने के लिए आपको अपने कक्षा के विद्यार्थियों के किन पहुलओं को समझना आवश्यक है? (कोई चार) (4)

What aspects of your students do you need to understand in order to adopt student centered approach in your class room?

**प्रश्न क्र0 15 से प्रश्न क्र0 18 तक दीर्घउत्तरीय (LA-II) होगें। प्रत्येक में 05 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 100–150 शब्द**

**Questions No. 15 through 18 will be short-Answer Questions (LA-II) each question carries 05 marks. The word limit for answers is 100-150 words.**

प्रश्न –15 भारत में सामाजिक परिवर्तन की प्रकृति एवं दिशा को संक्षिप्त में लिखिए। (5)

Write briefly about the nature and direction of change in India.

प्रश्न –16 शिक्षक की भूमिका, एक प्रबंधक के रूप कैसी होनी चाहिए? कोई पाँच बिन्दु लिखिए। (5)

What should be the rote of a teacher as a manager? Write any there points.

प्रश्न –17 जन–जातीय बच्चों को मुख्य धारा में जोड़ना क्या आवश्यक है? जन–जातीय बच्चों की शिक्षा संबंधी किन्ही चार तथ्यों को समझाइए। (1+4=5)

Why is it necessary to connect tribal children with mainstream? Explain why four facts related to the education of tribal children.

अथवा / **OR**

बालिका शिक्षा क्यों महत्वपूर्ण है? विद्यालय में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने क लिए आप क्या कर सकते है? व्याख्या कीजिए।

Why is girl education important? Explain what you can do to promote girl's education in school.

प्रश्न –18 सृजनात्मक निर्धारण एवं संकनात्मक निर्धारण किस प्रकार होता है? किसी एक विषय (जैसे हिन्दी / विज्ञान / सामाजिक विज्ञान) में सृजनात्मक निर्धारण की दो गतिविधियाँ डिजाइन कीजिए। (3+2=5)

How is formative assessment and for formative assessment? Design two activities of formative assessment in any one subject like (Hindi/Science/Social Science).

अथवा / OR

कक्षा में प्रयुक्त विभिन्न मूल्यांकन उपकरणों (जैसे– परियोजना कार्य, गतिविधियाँ, मौखिक परीक्षण) की प्रभावशीलता का मूल्यांकन कीजिए। स्पष्ट कीजिए कि ये उपकरण विद्यार्थियों के समग्र विकास को समझने में कैसे सहायक होते हैं।

Evaluate the effectiveness of various assessment tools used in the classroom (as project work, activities and oral tests). Explain how these tools helpful in understanding the overall development of students.

**प्रश्न क्र0 19 एवं 20 अति दीर्घउत्तरीय (VLA) होगें। प्रत्येक में 06 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 150–200 शब्द**

**Questions No. 19 and 20 will be Very Long-Answer Questions (VLA) each question carries 06 marks. The word limit for answers is 150-200 words.**

प्रश्न –19 समस्या समाधान में अध्यापक एक प्रश्न पूछता है जिसे बच्चों को हल करना है वे समस्या का समाधान आंकड़े एकत्रित करके कैसे करेंगें? समझाइए। (6)

In problem solving the teacher asks a question which the child has to solve. Explain how he will solve the problem by collecting data.

अथवा / OR

यदि किसी कक्षा में विद्यार्थियों की सीखने की गति और क्षमताएँ भिन्न–भिन्न हों, तो शिक्षण अधिगम विधियों का उपयोग करते हुए आप शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए क्या रणनीतियाँ अपनाएँगे? उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

If students in a classroom have different learning speeds and abilities, what strategies would you adopt to make teaching effective by applying the teaching-learning methods explain your answer with suitable examples.

प्रश्न –20 रवीन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए। अपने उत्तर में यह स्पष्ट कीजिए कि उनके शिक्षा–दर्शन में उद्देश्य, शिक्षण पद्धति और बालक की भूमिका के संदर्भ में क्या समानताएँ और भिन्नताएँ हैं। (6)

Present a comparative analysis of the educational ideas of Rabindranath Tagore, Mahatma Gandhi and Swami Vivekananda. In your answer, clearly bring out the similarities and differences in their educational philosophies with reference to aims of education, methods of teaching and the role of the learner.

**अथवा / OR**

विश्लेषण कीजिए कि महात्मा गांधी का "बुनियादी शिक्षा" का विचार आधुनिक विद्यालयी शिक्षा प्रणाली के लिए कितना प्रासंगिक है। वर्तमान शैक्षिक चुनौतियों के आलोक में इसके सकारात्मक पक्षों की विवेचन कीजिए।

Analysis the relevance of Mahatma Gandhi's concept of 'Basic Education' in the modern school education system. Discuss its positive aspects as well as its limitations in the light of present educational challenges.

-----XXX---